No. of Printed Pages : 4

बी.एस.के.एफ.-001

स्नातक उपाधि कार्यक्रम

सत्रांत परीक्षा

01596

जून, 2016

बी.एस.के.एफ.-001 : संस्कृत में आधार पाठ्यक्रम

समय : 2 घण्टे *अधिकतम अंक : 50*

नोट : ***सभी*** *प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।*

1. (क) निम्नलिखित शब्दों में से किन्हीं ***चार*** को शुद्ध रूप में लिखिए : 2

पंक्ती, महोषधि, उडयनमंत्री, मनीशा, उध्वरेखा, विकरन ।

(ख) कोष्ठक में दिए गए शब्दों में से किसी ***एक*** को चुनते हुए रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए : 2

(अ) प्रभु: करोतु यदयं बाल: शतायु: _____ ।
(भूयात्, भवेयु:)

(ब) युवां _____ आगच्छथ: ।
(विद्यालयेन, विद्यालयात्)

(स) वयं धनं _____ प्रसीदाम: ।
(प्रदत्त्वा, प्रदाय)

(द) पात्रत्वाद्धनम् _____ ।
(आप्नोति,आप्ति)

2. (क) निम्नलिखित शब्दों के निर्दिष्ट रूप लिखिए : 2

(अ) सुधी (पुंल्लिग) : चतुर्थी विभक्ति, एकवचन

(ब) चतुर् (स्त्रीलिंग) : पञ्चमी विभक्ति, बहुवचन

(स) सर्व (नपुंसकलिंग) : सप्तमी विभक्ति, बहुवचन

(द) पितृ (पुंल्लिग) : तृतीया विभक्ति, द्विवचन

(ख) निम्नलिखित में से किन्हीं ***दो*** धातुरूपों में धातु, लकार, पुरुष एवं वचन का निर्देश कीजिए : 2

भवेम, आगमिष्यथः, चिन्तयेत्, जहि ।

3. निम्नलिखित पदों में धातु एवं प्रत्यय को अलग करके दिखलाइए : 4

श्रुत्वा, भीतः, त्यक्तुम्, रोगः ।

4. कर्तृवाच्य के निम्नलिखित प्रयोगों को कर्मवाच्य में प्रयोग कीजिए : 4

(क) राधा वस्त्राणि सीव्यति ।

(ख) अंकितः चलचित्रं पश्यति ।

(ग) कर्मकराः भवननिर्माणं कुर्वन्ति ।

(घ) सा केशान् प्रक्षालयति ।

5. (क) निम्नलिखित पदों में सन्धि-विच्छेद कीजिए : 2

तवैव, महद्दुःखम्, साधोऽत्र, हरिश्शेते ।

(ख) निम्नलिखित में से किन्हीं ***दो*** वर्णों के उच्चारण-स्थान लिखिए : 2

ट्, इ, ध्, व् ।

6. निम्नलिखित में से किन्हीं ***दो*** विषयों पर लगभग 100 – 150 शब्दों में आलेख लिखिए : 8

(क) कविकुलगुरु कालिदास

(ख) चरक-संहिता

(ग) काव्य का स्वरूप

(घ) यक्ष-युधिष्ठिर-संवाद

7. निम्नलिखित में से किसी ***एक*** विषय पर लगभग 300 शब्दों में संस्कृत भाषा में निबन्ध लिखिए : 8

(क) भारतीया संस्कृतिः

(ख) मम प्रियः कविः

(ग) तुष्टिस्तु परमं सुखम्

(घ) भ्रष्टाचारस्योन्मूलनोपायाः

8. निम्नलिखित पद्य को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 4

निन्दन्तु नीतिनिपुणा यदि वा स्तुवन्तु
लक्ष्मीः समाविशतु गच्छतु वा यथेष्टम् ।
अद्यैव वा मरणमस्तु युगान्तरे वा
न्याय्यात् पथः प्रविचलन्ति पदं न धीराः ।।

(क) किसको निन्दा या स्तुति से विचलन नहीं होता ?

(ख) पद्य में लक्ष्मी की कौन-सी विशेषता निर्दिष्ट है ?

(ग) न्याय्य पथ क्या है ?

(घ) धीर मनुष्य कौन है ?

9. निम्नलिखित में से किसी ***एक*** की सन्दर्भ-सहित व्याख्या कीजिए : 4

(क) विश्वरूपत्वमिव ग्रहीतुमाश्रिता नारायणमूर्त्तिम् । अप्रत्ययबहुला च दिवसान्तकमलमिव समुपचितमूलदण्डकोशमण्डलमपि मुञ्चति भूभुजम् । लतेव विटपकानध्यारोहति । गङ्गेव वसुजनन्यपि तरङ्गबुद्बुदचञ्चला । दिवसकरगतिरिव प्रकटितविविधसंक्रान्तिः । पातालगुहेव तमोबहुला ।

(ख) माता मित्रं पिता चेति स्वभावात्त्रितयं हितम् ।
कार्यकारणतश्चान्ये भवन्ति हितबुद्धयः ।।

(ग) दिवं यदि प्रार्थयसे वृथा श्रमः पितुः प्रदेशास्तव देवभूमयः ।
अथोपयन्तारमलं समाधिना न रत्नमन्विष्यति मृग्यते हि तत् ।।

10. पत्रलेखन में किन बातों का ध्यान रखना आवश्यक है, किन्हीं पाँच बातों का उल्लेख कीजिए । 6

अथवा

निम्नलिखित बातों को आधार में रखकर संस्कृत में समाचार लिखिए :

घटना – बिजली और पानी की महँगाई के विरोध में रेज़िडेन्ट वेलफ़ेयर सोसाइटियों ने प्रदर्शन किया ।

क्या हुआ – जनता का सम्पूर्ण सहयोग मिला और लोगों ने नेताओं की भर्त्सना की ।

कब हुआ – अप्रैल मास में

स्थान – दिल्ली